भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2325**

उत्तर देने की तारीख 5 मार्च, 2020
15 फाल्गुन, 1941 (शक)

# खेलकूद अवसंरचना

**2325. श्री अबु हसीम खान चौधरीः**
**श्री पल्लव लोचन दासः**
**डॉ. मोहम्मद जावेदः**
**कुमारी राम्या हरिदासः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने खेलकूद के संवर्धन तथा देश में स्टेडियम, खेल के मैदानों, धावन पट्टी तथा खेलकूद संबंधी प्रशिक्षण सहित खेलकूद तथा इसकी अवसंरचनात्मक सुविधाओं के स्तर में सुधार लाने हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में बिहार, असम तथा केरल सहित राज्य-वार क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को इस संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावों की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त प्रस्तावों को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है; और

(ङ) गत पांच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया योजना सहित खेलकूद योजनाओं के अंतर्गत आबंटित तथा व्यय की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने तथा खेलों के स्तर में सुधार करने और खेल अवसंरचना के लिए सहायता देने हेतु निम्नलिखित स्कीमें प्रतिपादित की हैं :-

(i) खेलो इंडिया स्कीम (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन (v) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खिलाड़ी

कल्याण कोष (vi) राष्ट्रीय खेल विकास निधि और (vii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से संचालित किए जा रहे खेल प्रशिक्षण केंद्र ।

(ख) इन स्कीमों का ब्यौरा इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

खेल राज्य का विषय होने के कारण खेलों को बढ़ावा देने तथा खेलों और स्टेडियमों, खेल मैदानों, ट्रैक और खेल प्रशिक्षण सहित अवसंरचना सुविधाओं के स्तर में सुधार करने का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का होता है । केंद्रीय सरकार उपर्युक्त अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । केंद्रीय सरकार द्वारा निधियों का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है न कि राज्य-वार । पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न खेल स्कीमों के अंतर्गत आवंटित निधियों और किए गए व्यय का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है ।

(ग) और (घ) : जी हां । केंद्रीय सरकार को समय-समय पर विभिन्न राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं । इस मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत संस्वीकृत तथा लंबित अवसंरचना परियोजनाओं की राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है । परियोजना प्रस्तावों को उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर स्कीम के मानदंडों के अनुसार मंजूर किया जाता है । किसी परियोजना के अनुमोदन के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती ।

(ङ) जैसा कि उपर्युक्त (ख) में उत्तर दिया गया है ।

****

**खेलकूद अवसंरचना के संबंध में श्री अबु हसीम खान चौधरी, श्री पल्लव लोचन दास, डॉ. मोहम्मद जावेद और कुमारी राम्या हरिदास माननीय संसद सदस्यों, लोक सभा द्वारा दिनांक 05.03.2020 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2325 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

**अनुबंध-I**

पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम सहित खेल योजनाओं के तहत आवंटित और खर्च किए गए धन का विवरण
(25.02.2020 तक की स्थिति के अनुसार)

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | स्कीम का नाम | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटित | व्यय | आवंटित | व्यय | आवंटित | व्यय | आवंटित | व्यय | आवंटित | व्यय | आवंटित | व्यय* |
| 1. | भारतीय खेल प्राधिकरण | 386.85 | 386.83 | 407.96 | 407.96 | 438.20 | 438.20 | 495.73 | 495.73 | 395.00 | 395.00 | 615.00 | 539.00 |
| 2. | लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान | 52.46 | 52.08 | 53.45 | 51.50 | 52.60 | 52.60 | 45.02 | 44.27 | 45.00 | 45.00 | 50.00 | 50.00 |
| 3. | राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला | 9.00 | 8.50 | 8.90 | 8.40 | 8.90 | 8.90 | 10.00 | 9.90 | 7.50 | 7.50 | 4.50 | 4.50 |
| 4. | राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी | 2.00 | 1.76 | 2.50 | 2.50 | 2.80 | 2.80 | 4.15 | 4.15 | 10.00 | 10.00 | 8.50 | 5.54 |
| 5. | विश्व डोप रोधी एजेंसी | 0.60 | 0.60 | 0.60 | 0.60 | 0.60 | 0.60 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 0.00 |
| 6. | भारतीय खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा संस्थान | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 | 0.50 | 0.00 | 20.00 | 12.97 | 28.00 | 20.33 | 45.00 | 14.62 |
| 7. | राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण संस्थान | 0.00 | 0.00 | 0.07 | 0.00 | 0.50 | 0.00 | 10.00 | 2.00 | 2.00 | 0.00 | 5.00 | 0.00 |
| 8. | पूर्वोत्तर में खेल विश्वविद्यालय | 0.10 | 0.00 | 0.35 | 0.35 | 15.00 | 15.00 | 30.00 | 10.75 | 25.00 | 5.00 | 50.00 | 35.37 |
| 9. | राष्ट्रीय नकद पुरस्कार | 13.20 | 13.11 | 24.00 | 23.92 | 22.00 | 21.75 | 14.13 | 10.34 | 31.00 | 30.94 | 62.00 | 45.95 |
| 10. | पुरस्कार | 1.57 | 1.47 | 1.57 | 1.47 | 1.80 | 1.37 | 2.00 | 1.61 | 2.00 | 1.83 | 2.00 | 1.65 |
| 11. | मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन | 1.50 | 1.29 | 2.00 | 1.99 | 1.70 | 1.50 | 2.00 | 1.96 | 30.00 | 29.77 | 47.00 | 36.97 |
| 12. | राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता | 185.00 | 183.93 | 350.00 | 350.00 | 359.93 | 358.97 | 302.18 | 277.68 | 245.13 | 243.63 | 300.85 | 267.16 |
| 13. | खेलों में मानव संसाधन विकास | 0.35 | 0.33 | 2.00 | 1.93 | 5.00 | 4.70 | 10.00 | 5.38 | 5.00 | 3.11 | 5.00 | 2.26 |
| 14. | राष्ट्रीय खेल विकास निधि | 3.75 | 3.75 | 14.20 | 14.20 | 5.00 | 5.00 | 2.00 | 2.00 | 2.00 | 2.00 | 77.15 | 70.00 |
| 15. | राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 2.00 | 0.30 | 1.80 | 1.00 | 2.00 | 1.00 |
| 16. | दिव्यांगजनों के बीच खेल को बढ़ावा देना | 4.00 | 3.26 | 2.10 | 2.06 | 4.00 | 3.68 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 17. | अन्य कार्यक्रम | 0.42 | 0.22 | 0.30 | 0.26 | 0.20 | 0.00 | | | | | | |

| क्र.सं. | स्कीम का नाम | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **आवंटित** | **व्यय** | **आवंटित** | **व्यय** | **आवंटित** | **व्यय** | **आवंटित** | **व्यय** | **आवंटित** | **व्यय** | **आवंटित** | **व्यय*** |
| 18. | पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान (परिवर्तित आरजीकेए) | 85.00 | 83.84 | 23.38 | 22.62 | | | | | | | | |
| 19. | शहरी खेल अवसंरचना | 25.00 | 24.89 | 60.00 | 59.90 | | | | | | | | |
| 20. | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज प्रणाली कार्यक्रम | 0.10 | 0.00 | 15.00 | 15.00 | | | | | | | | |
| 21. | खेलो इंडिया स्कीम | | | | | 118.10 | 118.09 | 350.00 | 346.99 | 500.09 | 342.24 | 578.00 | 508.21 |
| 22. | साई स्टेडिया नवीनीकरण | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.50 | 0.00 | 0.50 | 125.00 | 96.00 | 49.95 |
| 23. | एलएनआईपीई ग्वालियर का राष्ट्रीय शारीरिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संसाधन केंद्र | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 2.00 | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 24. | खेल प्रतिभा की पहचान और पोषण के लिए योजना | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.00 | 0.50 | 0.50 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर में खेल सुविधा का विस्तार | 0.10 | 0.00 | 55.00 | 55.00 | 40.00 | 40.00 | 75.00 | 0.00 | 50.00 | 33.57 | 50.00 | 30.00 |
| 26. | हिमालयन क्षेत्रीय खेल महोत्सव | | | | | | | 15.00 | 0.00 | 0.10 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 27. | संगोष्ठी, समिति आदि । | | | | | | | 0.50 | 0.29 | 0.40 | 0.41 | 1.00 | 0.48 |
| **कुल** | | 772.00 | 766.86 | 1024.46 | 1020.65 | 1078.35 | 1074.66 | 1393.21 | 1229.32 | 1381.52 | 1297.32 | 2000.00 | 1662.66 |

****

**खेलकूद अवसंरचना के संबंध में श्री अबु हसीम खान चौधरी, श्री पल्लव लोचन दास, डॉ. मोहम्मद जावेद और कुमारी राम्या हरिदास माननीय संसद सदस्यों, लोक सभा द्वारा दिनांक 05.03.2020 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2325 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

**अनुबंध-II**

**इस मंत्रालय के अंतर्गत संस्वीकृत तथा लंबित अवसंरचना परियोजनाओं की राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र का नाम | संस्वीकृति परियोजनाओं की संख्या | लंबित परियोजना प्रस्तावों की संख्या |
|---|---|---|---|
| खेलो इंडिया स्कीम | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 4 | 4 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 19 | 32 |
| 3. | असम | 7 | 6 |
| 4. | बिहार | 0 | 4 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 1 | 9 |
| 6. | गोवा | 0 | 5 |
| 7. | गुजरात | 4 | 0 |
| 8. | हरियाणा | 4 | 4 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 2 | 6 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 4 | 0 |
| 11. | झारखंड | 1 | 1 |
| 12. | कर्नाटक | 8 | 11 |
| 13. | केरल | 4 | 2 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 7 | 6 |
| 15. | महाराष्ट्र | 9 | 30 |
| 16. | मणिपुर | 6 | 21 |
| 17. | मिजोरम | 4 | 8 |
| 18. | नागालैंड | 1 | 16 |
| 19. | ओडिशा | 4 | 0 |
| 20. | पंजाब | 5 | 5 |
| 21. | राजस्थान | 38 | 2 |
| 22. | सिक्किम | 1 | 19 |
| 23. | तमिलनाडु | 2 | 8 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | तेलंगाना | 3 | 14 |
| 25. | त्रिपुरा | 1 | 23 |
| 26. | उत्तराखंड | 3 | 3 |
| 27. | उत्तर प्रदेश | 25 | 51 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 2 | 0 |
| 29. | लक्षद्वीप | 0 | 2 |
| 30. | पुदुचेरी | 2 | 3 |
| 31. | दिल्ली | 8 | 0 |
| राष्ट्रीय खेल विकास निधि | | | |
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 1 |

****